# रीवा रोड पर युवक को घेरकर हमला गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला शहर

**सतना।** शहर की कानून व्यवस्था को ठेंगे पर रखकर बेखौफ बदमाशों ने बुधवार देर रात रीवा रोड पर जमकर तांडव मचाया। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अभिनंदन रेस्टोरेंट के पास आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने एक युवक पर न केवल जानलेवा हमला किया,बल्कि जाते-जाते सरेराह हवाई फायर कर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली।



### वारदात का खौफनाक मंजर

जैतवारा निवासी अनिकेत गौतम 30 वर्ष रात करीब 11 बजे अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। वे एक फोन कॉल सुनने के लिए रुके ही थे कि तीन बाइकों पर सवार होकर आए हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने रॉड,लाठी और चाकुओं से अनिकेत को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। करीब 10 मिनट तक चले इस 'खूनी खेल' के बाद,इलाके में दहशत फैलाने के लिए बदमाशों ने दो राउंड हवाई फायर किए और बड़े आराम से फरार हो गए।

### पुलिस की पड़ताल और सुराग

घटना के बाद घायल अनिकेत को लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस को तलाशी के दौरान एक चाकू बरामद हुआ है।

### सीसीटीवी में कैद दहशत

पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों को खंगाल रही है,जिसमें एक युवक हवा में हथियार लहराते और फायर करते साफ दिखाई दे रहा है। हमलावर कौन थे और इस दुस्साहस के पीछे की वजह क्या थी,यह अभी भी रहस्य बना हुआ है क्योंकि घायल युवक फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं है।

### सक्रिय हुई पुलिस

सीएसपी डीपी सिंह चौहान और टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने टीम के साथ मोर्चा संभाल लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी तेज कर दी गई है। शहर के व्यस्ततम रीवा रोड पर रात 11 बजे अगर अपराधी इस कदर बेखौफ होकर खूनी संघर्ष और फायरिंग कर सकते हैं,तो आम जनता की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है!

# अवैध कट्टे के साथ शातिर आरोपी गिरफ्तार



**सतना।** पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा जोन के निर्देशों के पालन में,नागौद पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम को भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि सरस्वती स्कूल के पास सतना रोड पर एक युवक अवैध हथियार लेकर खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर हिमांशू सिंह परिहार उर्फ सुज्जू 22 वर्ष,निवासी अकौना खुर्द को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। 315 बोर का देशी कट्टा और 01 जिंदा कारतूस जप्त किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में निरीक्षक अशोक पाण्डेय,सउनिरी रविशंकर शुक्ला,प्रआर संजय मिश्रा,आरक्षक शैलेन्द्र यादव आदि शामिल है।

## खबर संक्षेप

### कड़ाके की ठंडः मैहर में कक्षा 5वीं तक के स्कूलों में दो दिन का अवकाश

**मैहर।** शीतलहर और गिरते तापमान को देखते हुए मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने बच्चों की सुरक्षा के लिए आदेश जारी किया है प्री-प्राइमरी से कक्षा 5वीं तक के सभी शासकीय और अशासकीय (CBSE/ICSE सहित) स्कूल 9 और 10 जनवरी को बंद रहेंगे। शिक्षक नियमित रूप से स्कूल उपस्थित रहकर अन्य शासकीय कार्य करेंगे।

### चित्रकूट विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आज

**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस आज 9 जनवरी दोपहर 12बजे चित्रकूट नगर पंचायत कार्यालय में समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में चित्रकूट में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति जांची जाएगी,जिसके बाद कलेक्टर स्वयं कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे।

### खाद के साथ अन्य उत्पाद बेचने (टैगिंग) पर सख्त रोक

**सतना।** किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उर्वरक विक्रेता अब यूरिया या डीएपी जैसे अनुदानित खाद के साथ जबरन कीटनाशक, नैनो यूरिया या अन्य गैर-सब्सिडी वाले उत्पाद (टैगिंग) नहीं बेच सकेंगे। उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### 'जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट' विषय पर मैहर में कार्यशाला संपन्न

**मैहर।** कलेक्ट्रेट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए' योजना पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें उद्यमियों को गुणवत्ता आधारित उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण के गुर सिखाए गए। साथ ही स्टार्टअप नीति और भूमि आवंटन नियमों की जानकारी भी साझा की गई।

### विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने समीक्षा बैठक 9 जनवरी को

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार 9 जनवरी को अपरान्ह 2 बजे से आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में मनरेगा, पंचायत (निर्माण), 15वां वित्त, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), विधि शाखा एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी। आयोजित बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, संभाग कटनी, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी सहायक यंत्री,उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक, ब्लॉक मैनेजर एनआरएलएम और समस्त जनपद शिक्षा केंद्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### तेंदुआ की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत

**कटनी।** बहोरीबंद वन परिक्षेत्र के कुआं वृत्त में तेंदुआ देखे जाने से इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्राम राखी के पास 'रमैया स्थान' पर सड़क किनारे बैठे तेंदुए को देखकर वहां से गुजर रहे राहगीर और ग्रामीण बुरी तरह डर गए। मंगलवार रात जब कुछ कार सवार सड़क मार्ग से गुजर रहे थे, तब उनकी नजर झाड़ियों के पास बैठे तेंदुए पर पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों ने अपनी गाड़ियों की लाइट जलाकर तेंदुए का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# जाम से मिलेगी मुक्तिः सांसद ने गडकरी से की 3 नए फ्लाईओवर की मांग

**सतना।** शहर की लगातार बढ़ती यातायात समस्या और वर्षों से लंबित सड़क परियोजनाओं को गति देने के लिए सांसद गणेश सिंह ने एक बार फिर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर के भीतर ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए 'एलिवेटेड रोड' के स्थान पर फ्लाईओवर निर्माण का नया प्रस्ताव पेश किया है। सांसद ने बताया कि पूर्व में घोषित एलिवेटेड रोड के निर्माण में हो रही देरी और व्यावहारिक कठिनाइयों को देखते हुए अब शहर के अत्यधिक ट्रैफिक वाले क्षेत्रों में फ्लाईओवर बनाना एक त्वरित और बेहतर समाधान होगा। तीन प्रमुख फ्लाईओवर का अनुमानित प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है। शहरवासियों को रोज़ाना के जाम और दुर्घटनाओं से राहत दिलाना।

### 'भारतमाला परियोजना' की सड़कों में देरी पर जताई चिंता

मुलाकात के दौरान सांसद ने सतना लोकसभा क्षेत्र की उन सड़कों का मुद्दा भी उठाया जो वर्षों से कागजों पर



लंबित हैं। सतना-शंकरगढ़ मार्गः सतना से कोटर,सेमरिया,सिरमौर,जवा,सूती और शंकरगढ़ होते हुए मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क भारतमाला परियोजना (द्वितीय चरण) का हिस्सा है। हैरानी की बात यह है कि 15 वर्षों के प्रयासों के बाद भी अब तक इसके लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के आदेश जारी नहीं हुए हैं। सांसद ने इसे जल्द शुरू करने की मांग की है।

# सीएमए स्कूल में मासूम का हाथ तोड़ने वाली टीचर को बर्खास्त करने की उठी मांग

**सतना।** शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले स्कूलों में मासूम बच्चों के साथ क्रूरता के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सतना के प्रतिष्ठित सीएमए स्कूल से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है,जहाँ होमवर्क न करने की 'सजा' के तौर पर एक 6 साल की मासूम छात्रा का हाथ तोड़ दिया गया। इस बर्बरता के खिलाफ अब एनएसयूआई ने मोर्चा खोल दिया है।



### क्या है पूरा मामला?

यूकेजी में पढ़ने वाली एक नन्हीं छात्रा को अंग्रेजी की टीचर सपना खरे ने सिर्फ इसलिए जोरदार थप्पड़ जड़ दिया क्योंकि उसने अपना होमवर्क पूरा नहीं किया था। थप्पड़ इतना जबरदस्त था कि बच्ची खुद को संभाल नहीं पाई और गिर पड़ी,जिससे उसके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। एक मासूम की हड्डी चटका देने वाली इस शिक्षा पद्धति ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

एनएसयूआई की दोटूकः बर्खास्त करो या तालाबंदी झेलो

गुरुवार को छात्र संगठन एनएसयूआई के नेताओं ने स्कूल परिसर में भारी विरोध प्रदर्शन किया और प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर अपनी माँगें रखीं। छात्र नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि दोषी टीचर सपना खरे को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाए। पीड़ित बच्ची की साल भर की पूरी फीस माफ की जाए। इलाज का पूरा खर्च स्कूल प्रबंधन उठाए। स्कूल के कैमरे तत्काल दुरुस्त किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को दबाया न जा सके।

### 5 दिन का अल्टीमेटम

एनएसयूआई ने प्रशासन को ललकारते हुए कहा है कि यदि 5 दिनों के भीतर इन मांगों पर अमल नहीं हुआ, तो स्कूल में उग्र तालाबंदी की जाएगी। उधर,पीड़ित परिवार की शिकायत पर सिविल लाइन थाने में आरोपी शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# सड़क सुरक्षा अभियानः हेलमेट पहनने वालों का गुलाब से स्वागत, नियम तोड़ने वालों को पुलिस ने दी समझाइश

**सतना।** यातायात पुलिस द्वारा शहर में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए एक विशेष पहल की गई। इस अभियान के दौरान पुलिस ने न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को टोका,बल्कि नियमों का पालन करने वाले जागरूक नागरिकों का सम्मान भी किया।

### हेलमेट पहनने वालों को दिया गुलाब

सर्किट हाउस चौराहे पर चलाए गए इस अभियान के तहत यातायात पुलिस ने उन दोपहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया,जो हेलमेट लगाकर वाहन चला रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने इन चालकों की सराहना करते हुए अन्य लोगों के लिए उन्हें उदाहरण बताया और हेलमेट की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

### लापरवाह चालकों को दी गई कड़ी समझाइश

वहीं दूसरी ओर,जो वाहन चालक बिना हेलमेट के पाए गए,उन्हें रोककर पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि हेलमेट किसी जुर्माने से बचने के लिए नहीं,बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। चालकों को भविष्य में अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

### ऑटो में चिपकाए गए जागरूकता पंपलेट

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात पुलिस की टीम रेलवे स्टेशन परिसर स्थित ऑटो स्टैंड भी पहुंची। यहाँ पुलिस ने ऑटो चालकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। नियमों का पालन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। आम जनता और चालकों को जागरूक करने के लिए ऑटो पर सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों वाले पंपलेट चिपकाए।





### 1 से 31 जनवरी तक चलेगा अभियान

यातायात पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,यह सड़क सुरक्षा अभियान 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक निरंतर चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों को सुरक्षित सफर के प्रति सचेत करना है।

# एकेएस विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का कैंपस चयन



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय में सुदृढ़ नेतृत्व,सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण और निरंतर सक्रिय कैंपस गतिविधियों का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है। गुरुग्राम स्थित लीप इन्फ्रासिस प्राइवेट लि. द्वारा आयोजित परिसर चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के बीटेक 2026 बैच के 10 विद्यार्थियों का चयन सहायक अभिकल्प अभियंता पद के लिए किया गया है। इस चयन में सिविल इंजीनियरिंग के 3 तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 7 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। चयनित छात्रों को कंपनी के ट्रैक्शन,पावर सप्लाई,सिविल एवं अलाइनमेंट जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी विभागों में कार्य करने का अवसर मिलेगा। सभी चयनित विद्यार्थियों की नियुक्ति गुरुग्राम में की जाएगी।

सिविल इंजीनियरिंग से चयनित विद्यार्थी हैं-सत्यम कुशवाहा,सत्यम कश्यप और सागर गुप्ता, जबकि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से जाफर सादिक,ऋषिराज कुशवाहा,निखिल पटेल,राहुल सिंगरौल, कुलदीप रजक एवं नवनीत सिंह का चयन हुआ है। इस उपलब्धि के पीछे विश्व विद्यालय के प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी का दूरदर्शी और प्रभावशाली नेतृत्व प्रमुख रूप से है। वह विद्यार्थियों व शिक्षकों से सतत संवाद के लिए जाने जाते हैं।उनकी सक्रिय उपस्थिति ने कैंपस में ऊर्जा,अनुशासन और निरंतर गतिशीलता बनाए रखी है,जिससे शैक्षणिक एवं प्लेसमेंट गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रमुख बालेंद्र विश्वकर्मा एवं नियोजन समन्वयक शिवांश मिश्रा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शिक्षित करना नहीं,बल्कि उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय उद्योगों के लिए पूर्णतः सक्षम बनाना है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि को संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि इस प्रकार के सफल परिसर चयन एकेएस विश्व विद्यालय को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय,सशक्त और अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

# नागौद में एसडीएम के आश्वासन के बाद 3 सूत्रीय अनशन समाप्त



**सतना।** नगर परिषद नागौद में शुद्ध पेयजल और सड़क सुधार जैसी मांगों को लेकर जारी अनशन शुक्रवार को समाप्त हो गया। एसडीएम जितेंद्र वर्मा के कल शाम तक निराकरण के ठोस आश्वासन के बाद समाजसेवी मुख्तार सिद्दीकी ने अनशनकारियों को जूस पिलाकर धरना खत्म कराया। इस दौरान कई स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सतना के नए बस स्टैंड से 15 जनवरी से शुरू होगा बसों का संचालन

**सतना।** शहर को मिली आधुनिक बस स्टैंड की सौगात अब धरातल पर उतरने वाली है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 जनवरी से रीवा,मैहर और अमरपाटन जाने वाली बसें और नगर निगम की 'सूत्र सेवा' बसें नए बस स्टैंड से चलेंगी।

10 जनवरी से सड़कों के किनारे खड़ी होने वाली खाली बसें अनिवार्य रूप से नए बस स्टैंड में पार्क होंगी।

### रेलवे स्टेशन स्टॉपेज खत्म

सूत्र सेवा की बसों का रेलवे स्टेशन पर ठहराव अब बंद कर दिया जाएगा। नए स्टैंड पर 24 घंटे सपोर्टिंग स्टाफ, सीसीटीवी,पेयजल और कंट्रोल रूम की व्यवस्था रहेगी। चित्रकूट और नागौद रूट की बसें फिलहाल पुराने स्टैंड से ही चलेंगी।



# लापता बालक को कटनी स्टेशन से किया दस्तयाब, परिजनों से मिलाया

**हरिभूमि न्यूजः कटनी** बरही क्षेत्र से अचानक लापता हुए 10 वर्षीय बालक को पुलिस ने कटनी रेलवे स्टेशन से सकुशल दस्तयाब कर लिया। ग्राम केवलारी निवासी दिव्यराज सिंह 10 वर्ष बरही से 4 जनवरी शाम को लापता हो गया था। ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अपहृत बालक/बालिकाओं की सकुशल दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है उक्त निर्देशों के पालन में एएसपी संतोष डेहरिया निर्देशन एवं एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी बरही निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। बालक की तलाश हेतु टीम द्वारा निरंतर प्रयास किए गए। इस दौरान CCTV फुटेज का विश्लेषण, डॉग स्क्वॉड की सहायता, वन विभाग एवं रेलवे विभाग से समन्वय से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 06 जनवरी को बालक कटनी रेलवे स्टेशन पर एक गणमान्य व्यक्ति जो कटनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से बाहर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे जिनके द्वारा सोशल मीडिया में उक्त बच्चे की फोटो देखी थी जो बच्चे को देखकर समझ गए कि यह वही बच्चा है जो बरही से गुम गया है। गणमान्य व्यक्ति के द्वारा बरही थाना में सूचना दी गई। उनको ट्रेन से बाहर जाना था इस कारण आरपीएफ थाने में बच्चे को सुरक्षित बैठाया। बरही पुलिस के द्वारा बालक को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया दस्तयाबी उपरांत बालक को विधिसम्मत कार्यवाही कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने बालक को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे पर प्रसन्नता एवं संतोष की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव, एसआई विनोद कांत सिंह, प्रधान आरक्षक अतुल तिवारी, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव की भूमिका रही।

### महापौर ने किया मेयर इन काउंसिल का पुनर्गठन

**कटनी।** नगर निगम के विभागीय कार्यों के सुचारू संपादन एवं नगर विकास को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मेयर-इन-काउंसिल का पुनर्गठन करते हुए राम मनोहर लोहिया वार्ड के पार्षद उमेन्द्र कुमार अहिरवार ओमी को जल कार्य तथा सीवरेज विभाग का प्रभारी सदस्य नियुक्त किया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बताया कि जनहित के कार्यों को सुचारू एवं समयबद्ध तरीके से करवाने हेतु मेयर इन काउंसिल का पुनर्गठन, संशोधन किया गया है। उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा मेयर इन काउंसिल का गठन किया गया था। उक्त गठित समिति में सामान्य प्रशासन विभाग में प्रभारी प्रीति संजीव सूरी, लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग में प्रभारी रमेश सोनी, वित्त एवं लेखा विभाग में प्रभारी सुरेन्द्र गुप्ता, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग में प्रभारी श्रीमती सुमन राजू माखीजा, यातायात एवं परिवहन विभाग में प्रभारी श्रीमती तुलसा गुलाब बेन, योजना सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग मे प्रभारी श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग में प्रभारी सुभाष शिब्बू साहू शहरी गरीबी उपशमन विभाग में प्रभारी जयनारायण निषाद तथा राजस्व विभाग में प्रभारी गोविंद चावला को नियुक्त किया गया था।

# विधायक कप 2026 बृजपुर-1 और पन्ना ग्रामीण-1 सेमीफाइनल में, आज होंगे दोनों सेमीफाइनल मुकाबले

पन्ना





मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पन्ना विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ-साथ खेल, संस्कृति और युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित विधायक कप 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। ऐतिहासिक छत्रसाल क्रिकेट स्टेडियम, नजरबाग में चल रहे इस टूर्नामेंट में दर्शकों को लगातार रोचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। टूर्नामेंट के छठवें दिन खेले गए चौथे क्वार्टर फाइनल में बृजपुर-1 ने पन्ना शहर-6 को 13 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बृजपुर-1 ने निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 93 रन बनाए। टीम की ओर से धर्मेंद्र और राज बहादुर ने 16-16, मुलायम ने 14 तथा राज बहादुर ने 15 उपयोगी रन बनाए। पन्ना शहर की ओर से सोनू और सरदीप ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में पन्ना शहर-6 की टीम तेज रन बनाने के प्रयास में लगातार विकेट गंवाती रही और निर्धारित ओवरों में मात्र 80 रन ही बना सकी। बृजपुर की ओर से तेज गेंदबाज सुरंजन ने शुरुआती झटके देते हुए 4 विकेट झटके, जबकि तरुण ने 2 विकेट लेकर शानदार सहयोग किया। दिन का दूसरा क्वार्टर फाइनल पन्ना ग्रामीण मंडल-1 और अजयगढ़ मंडल-2 के बीच खेला गया। पन्ना ग्रामीण ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवरों में 91 रन बनाए। अंकित, लक्ष्मीकांत और राजेंद्र ने 16-16 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अजयगढ़ की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही और पूरी टीम 61 रनों पर ऑलआउट हो गई। पन्ना ग्रामीण की ओर से अशोक ने 3 विकेट और लक्ष्मीकांत ने 2 विकेट लिए। 10 रन और 3 विकेट के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए अशोक को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### आज होंगे सेमीफाइनल मुकाबले

विधायक कप 2026 का पहला सेमीफाइनल शुक्रवार को सुबह 10 बजे से बृजपुर-1 बनाम पन्ना ग्रामीण-1 के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल दोपहर 1 बजे से पन्ना-2 बनाम बृजपुर-2 के बीच आयोजित होगा। आज के मुकाबलों में अंपायर की भूमिका सुरेंद्र सिंह परमार, पहलवान सिंह, रामेश्वर लूनिया, बबलू यादव एवं धन प्रसाद शर्मा निभाई। स्कोरिंग की जिम्मेदारी स्वप्निल खरे और जयराज विश्वास के पास रही, जबकि मैच का आंखों देखा हाल राजेश मिश्रा और राजकुमार रिछारिया ने सुनाया।

## खबर संक्षेप

### हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए हैं 48 परीक्षा केन्द्र

पन्ना।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की शैक्षणिक सत्र 2025-26 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल की परीक्षाएं क्रमशः 7 एवं 11 फरवरी से शुरू होंगी। इसके लिए पन्ना जिले में कुल 48 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। कक्षा 10वीं एव 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए पन्ना के शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय, शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक 01, शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 02, शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय एवं नेशनल पब्लिक उ.मा. विद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह शासकीय उ.मा. विद्यालय बराछ, शासकीय उ.मा. विद्यालय बृजपुर, शासकीय उ.मा. विद्यालय पहाड़ीखेरा, शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर, शासकीय उ.मा. विद्यालय ककरहटी, सरस्वती उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर, शासकीय उ.मा. विद्यालय सलेहा, पंडित शिवगोविन्द गर्ग उ.मा. विद्यालय सलेहा, शासकीय उ.मा. विद्यालय पटनातमोली, सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय गुनौर, शासकीय उ.मा. विद्यालय गुनौर, शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अमानगंज, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय अमानगंज तथा सरस्वती उ.मा. विद्यालय अमानगंज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। शासकीय उ.मा. विद्यालय महेवा, शासकीय उ.मा. विद्यालय द्वारी, अशासकीय आदर्श बुंदेलखण्ड हाईस्कूल पवई, शासकीय उ.मा. विद्यालय सुनवानी कला, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय पवई, शासकीय उ.मा. विद्यालय कल्दा, शासकीय उ.मा. विद्यालय कृष्णगढ़, शासकीय उ.मा. विद्यालय सिमरिया, शासकीय उ.मा. विद्यालय मोहन्द्रा, शासकीय उ.मा. विद्यालय कुंवरपुर, शासकीय कन्या हाईस्कूल शाहनगर, शासकीय उ.मा. विद्यालय शाहनगर, शासकीय उ.मा. विद्यालय बिसानी, शासकीय उ.मा. विद्यालय बोरी, शासकीय उ.मा. विद्यालय रैपुरा, शासकीय उ.मा. विद्यालय बघवार, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय बगरौड़, शासकीय उ.मा. विद्यालय हरदुआ खमरिया, शासकीय उ.मा. विद्यालय बीरा, शासकीय उ.मा. विद्यालय हरदी, शासकीय उ.मा. विद्यालय खोरा, शासकीय हाईस्कूल नरदहा, शासकीय हाईस्कूल चंदौरा, शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अजयगढ़, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय अजयगढ़, शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय अजयगढ़, शासकीय उ.मा. विद्यालय सब्दुआ तथा शासकीय उ.मा. विद्यालय धरमपुर भी परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं।

# तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, सड़क के गड्ढे बने दुर्घटना की वजह



**अमानगंज।** बम्होरी मोड़ के आगे पेट्रोल पंप के पास गुरुबार को शाम 5:00 बजे एक तेज रफ्तार मोटर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे यह हादसा हुआ। दुर्घटना में बाइक चालक प्रताप पटेल (उम्र 40 वर्ष) निवासी दमोह, हाल निवास पुरैना गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास मौजूद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं जेके सीमेंट कंपनी की सीएसआर टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घायल पड़े व्यक्ति को जेके सीमेंट कंपनी की एम्बुलेंस की मदद से उपचार हेतु अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर लंबे समय से सड़क जर्जर हालत में है और जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और राहगीरों की जान सुरक्षित रहे।

# जिले में फर्राटे भर रही कंडम बसें, हादसों के बाद भी नहीं जाग रहा परिवहन विभाग

**अमानगंज।** पन्ना जिले में सड़कों पर फर्राटे भर रही कंडम (जर्जर) बसें आमजन की जान के लिए खतरा बनी हुई हैं। हैरानी की बात यह है कि कई बार गंभीर हादसे हो चुके हैं, इसके बावजूद परिवहन विभाग की नींद अब तक नहीं खुली। नियमों को ताक पर रखकर चल रही इन बसों पर कार्रवाई न होने से विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में वर्षों से पदस्थ आरटीओ सुनील शुक्ला के कार्यकाल में परिवहन नियमों का पालन केवल कागजों तक सीमित रह गया है। पुरानी, बिना फिटनेस और क्षमता से अधिक सवारियां ढोने वाली बसें खुलेआम सड़कों पर दौड़ रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।



### अमानगंज में खानापूर्ति की चेकिंग

अमानगंज क्षेत्र में हाल ही में की गई वाहन चेकिंग भी सवालों के घेरे में है। बताया जा रहा है कि चेकिंग के नाम पर केवल ऑटो चालकों पर कार्रवाई कर खानापूर्ति की गई, जबकि आरटीओ साहब के सामने से ही कंडम बसें तेज रफ्तार में निकलती रहीं। न तो उनकी फिटनेस जांची गई और न ही ओवरलोडिंग पर कोई ठोस कदम उठाया गया। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों का कहना है कि परिवहन विभाग की कार्रवाई चुनिंदा और कमजोर वर्ग तक ही सीमित रहती है, जबकि बड़े बस संचालकों पर हाथ डालने से अधिकारी बचते नजर आते हैं। इससे न केवल सड़क सुरक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि प्रशासन की निष्पक्षता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

जिले वासियों ने कलेक्टर और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि कंडम बसों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए, आरटीओ कार्यालय की कार्यप्रणाली की जांच हो और सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जब तक नियमों का सख्ती से पालन नहीं होगा, तब तक हादसों पर लगाम लगना मुश्किल है।

# इंदौर में दूषित पानी पीने से मृतक परिवारों को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए, जिला कांग्रेस कमेटी ने पत्रकार वार्ता में की मांग



**पन्ना। जिला** कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से इंदौर में दूषित पानी से 18 लोगों की मौत हो गई तथा एक हजार से अधिक लोग बीमार हैं जिनका इलाज चल रहा है उक्त घटना के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीस खान ने कहा कि भाजपा की सरकार द्वारा मृतकों के परिवारों के साथ मजाक किया जा रहा है उन्हें दो लाख के हिसाब से मुआवजा राशि दी जा रही है जो बहुत ही हास्यास्पद एवं कम है सभी मृतक परिवारों के परिजनों को एक करोड रुपए प्रत्येक परिवार के मान से मुआवजा दिया जाए सभी परिवारों का निशुल्क इलाज किया जाए तत्काल पाइपलाइन बदलवाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 11 जनवरी को इंदौर में बहुत बड़ा आंदोलन किया जा रहा है जिसमें प्रदेश भर से कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं श्री खान ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलने के संबंध में भी पत्रकारों के समक्ष केंद्र तथा राज्य सरकार का विरोध जताया इस दौरान कांग्रेस पार्टी के अनेक वरिष्ठ कार्य करता भी उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे महिला कांग्रेस की अध्यक्ष जीराबाई पटेल ब्लॉक कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता राजेश तिवारी पूर्व जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शिवजीत सिंह मुरारी लाल थापक पुरुषोत्तम जड़यि युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह श्रीमती रहीमा खातून डॉक्टर कदीर खान शिव प्रकाश दीक्षित मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी रमन दीक्षित आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित



# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक

पन्ना।

जिले में आगामी 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लासपूर्वक एवं गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के लिए आवश्यक दायित्व सौंपे गए। बताया गया कि शासकीय कार्यालयों में ध्वज संहिता का पालन कर सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। इस दौरान आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं सहित कार्यक्रम संचालन और तहसील व विकासखण्ड स्तर पर भी कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकतंत्र सेनानी का सम्मान भी होगा। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन, विभिन्न समितियों के गठन, साफ-सफाई व्यवस्था, झांकियों की तैयारी, कार्यालय प्रमुखों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोकसेवकों के नाम अनिवार्यतः 23 जनवरी तक प्रेषित करने तथा अंतिम रिहर्सल के संबंध में एवं अनुभाग स्तर पर बैठक आयोजन के निर्देश भी दिए गए। गणतंत्र दिवस पर शासकीय भवनों व ऐतिहासिक महत्व के स्थानों पर रोशनी भी की जाएगी। गणतंत्र दिवस की संध्या पर टाउन हॉल में भारत पर्व का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद थे।

## पवई में हुआ मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस का विधानसभा सम्मेलन

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**पवई।** मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस पवई के तत्वाधान में गुरुवार को पवई नगर के मंगल भवन परिसर में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां पर आए हुए कांग्रेस के पदाधिकरियों द्वारा मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार को आड़े हाथों लिया और इंदौर दूषित पानी कांड को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की घोर आलोचना की । इसके बाद सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता नारे बाजी करते तहसील कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार त्रिलोक सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने धान खरीदी केंद्रों पर अवैध वसूली, गांव गांव में विक रही अवैध शराब, किसानों को पर्याप्त यूरिया खाद,दूषित पेयजल, और क्षेत्र में अस्त व्यस्त पड़ी नहर आदि का लेख किया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई कार्यवाही नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महा सचिव वीरेंद्र द्विवेदी, विधानसभा युवक कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप शर्मा युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश बागरी, कांग्रेस के सुरेंद्र नामदेव, सारांश पांडे जिला उपाध्यक्ष, महेश बड़ौलिया, अजय श्रीवास्तव, राजपाल सिंह, सौरभ राजा, राम सेवक सिंगरौल,जीवन सिंगरौल, मोहम्मद खान, संतोषी मिश्रा, सत्यजीत सिंह, जीतेंद्र सिंह रम्मू मणि यादव, कृपाल सिंह, प्रिंस राजा, रामअवतार, अंकित बागरी, पुष्पेंद्र साहू, विक्रम सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# रैपुरा तहसील से 120 किमी दूर होने का असर, खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं का अंबार, किसानों की जान पर खतरा






**रैपुरा।** जिला मुख्यालय से रैपुरा लगभग 120 किलोमीटर दूर होने के कारण यहां के धान खरीदी केंद्रों में अधिकारियों का निरीक्षण सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। इस वजह से कई केंद्रों पर अव्यवस्थाएं फैल गई हैं और किसानों की जान तक जोखिम में पड़ रही है। शासन द्वारा केंद्रों के संचालन, व्यवस्था व सुविधाओं को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, लेकिन इसके बावजूद कई केंद्रों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। सबसे गंभीर मामला सहकारी समिति फतेहपुर द्वारा संचालित रैपुरादृभरवारा खरीदी केंद्र का सामने आया है, जहां विद्युत सप्लाई का तार काफी नीचे लटका हुआ है। किसान जब धान खाली करने के बाद ट्रैक्टर या पिकअप लेकर वापस निकलते हैं, तो किसी व्यक्ति को हाथ से तार उठाना पड़ता है। यदि जरा सी भी गलती हो जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रैपुरा क्षेत्र के मलघनहार गांव में इसी तरह की लापरवाही के कारण पहले भी एक किसान की करंट लगने से मौत हो चुकी है, इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ। इस केंद्र में अब तक लगभग 50,000 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, लेकिन पिछले 2दृ3 दिनों से बारदाना उपलब्ध न होने के कारण किसान परेशान हैं। भंडारण अधिक हो जाने से भी दिक्कतें बढ़ रही हैं। केंद्रों पर न अलाव की व्यवस्था है, न पीने के पानी का सही इंतजाम। जहां टैंकर है, वहां गिलासदृलोटा जैसे साधन तक उपलब्ध नहीं हैं। किसानों से पल्लेदारी व अतिरिक्त वजन वसूली जैसी शिकायतें भी लगातार सामने आती रही हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विभागीय अधिकारी, राजस्व अधिकारी सहित अन्य जिम्मेदार समय-समय पर निरीक्षण करने आते हैं, तो फिर ऐसी अव्यवस्थाएं क्यों बनी हुई हैं? क्या निरीक्षण सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया है? व्यापार धान खरीदी केंद्र भरवारा में भी लापरवाही भरवारा व्यापार धान खरीदी केंद्र में भी खरीदी बेहद धीमी गति से हो रही है। बोर्ड पर दर्ज अधिकारियों के नंबर काम नहीं करते। प्रशासक विनोद कुमार दीक्षित (94254 54264) और समिति प्रबंधक कुमारी सुरभि गुप्ता का नंबर केंद्र परिसर में स्पष्ट रूप से अंकित नहीं है। बताया जाता है कि समिति प्रबंधक दमोह से अप-डाउन करती हैं, जिस कारण वे अपने दायित्वों के प्रति उदासीन रहती हैं। किसानों का कहना है कि जब अधिकारियों के नंबर उपलब्ध ही नहीं हैं तो वे अपनी समस्या किससे कहें? इतना ही नहीं, अब तक इस केंद्र का तहसीलदार स्तर से निरीक्षण भी नहीं किया गया है।

### इनका कहना है -

"आपके द्वारा यह मामला संज्ञान में लाया गया है। कल स्वयं धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया जाएगा और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।"

**संतोष अहिरे, रैपुरा तहसीलदार**

## शौचालयों की साफ-सफाई के लिए कर सकेंगे मांग

# पन्ना विधायक ने वॉश ऑन व्हील्स सेवा का शुभारंभ कर स्वच्छता साथियों को वितरित किये किट

पन्ना







पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने गुरूवार को जनपद पंचायत पन्ना कार्यालय परिसर में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत वॉश ऑन व्हील्स (ट) सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। प्रत्येक स्वच्छता साथियों को 15-15 हजार रूपए राशि की किट का वितरण भी किया गया। इस मौके पर उन्होंने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का आग्रह करते हुए किट वितरण समारोह में स्वच्छता साथियों से बेहतर सेवा देने की अपेक्षा की, जिससे ग्रामीणजनों का विश्वास बढ़ सके। साथ ही अच्छी सेवा से भविष्य में ज्यादा काम मिलने के अतिरिक्त नई पीढ़ी को भी स्वच्छता की सीख मिलेगी। पन्ना विधायक ने कहा कि इस कार्य में सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक भी आगे आएं। घर का हर सदस्य स्वच्छता साथी बने। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मियों एवं ग्राम पंचायत को स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित करने की कार्यवाही के संबंध में भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणजनों में स्वच्छता की आदत विकसित करने और इसे जीवनशैली में अपनाने के लिए ग्राम पंचायत का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने प्रत्येक विकासखण्ड की स्वच्छता में अव्वल ग्राम पंचायतों को चिन्हांकित करने की बात भी कही। साथ ही इस सुविधा को व्यवस्थित तौर पर एवं व्यवहारिक रूप से अपनाने का आग्रह भी किया। विधायक ने कहा कि शहर की भांति अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने स्वच्छता साथियों को शॉल श्रीफल भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत भी किया तथा सफाईकर्मियों की भूमिका के बारे में भी अवगत कराया। विभिन्न अवसरों पर पूर्व में सम्मानित सफाई कर्मचारियों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता साथियों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करना भी आवश्यक है। यह पहल शासन के तकनीकी नवाचार और स्वच्छता अभियान का हिस्सा होने के साथ स्वच्छता की दिशा में एक अच्छी पहल भी है। पन्ना विधायक ने कार्यक्रम स्थल में 16 दिव्यांगजनों को मोटर ट्राईसिकल का वितरण भी किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, जनपद पंचायत सीईओ जयशंकर तिवारी एवं परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वॉश ऑन व्हील्स एप्लीकेशन (ट) के जरिए शौचालयों की सफाई संबंधी ऑनलाइन बुकिंग और सफाई के काम की जानकारी भी दी गई। इस एप के जरिए स्कूल, आंगनबाड़ी, विभागों के शौचालयों तथा सार्वजनिक स्थल के शौचालयों की सफाई के लिए भी एप पर बुकिंग कराई जा सकती है। प्रशिक्षण प्राप्त सफाई मित्रों द्वारा निर्धारित शुल्क लेकर सफाई का कार्य किया जाएगा। ट एप्लीकेशन एप को मोबाइल के प्ले स्टोर से डाउनलोड कर इस सेवा का लाभ लिया जा सकता है। बुकिंग के लिए मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी प्रक्रिया के पश्चात सफाई के दिवस व समय की जानकारी दर्ज करना होगी। पन्ना जिले में अब तक समस्त पांच जनपद पंचायतों में शौचालयों की साफ-सफाई संबंधी कुल 316 मांग दर्ज की गई हैं।

## खबर संक्षेप

### नौगांव पहुंचे राई नृत्य कलाकार जित्तू खरे

**नौगांव।** नगरपालिका के 70 वें मेला महोत्सव के तहत राई नृत्य कार्यक्रम के तहत नौगांव पहुंचे जित्तू खरे जहां उनका गर्मजोशी से किया गया स्वागत। नौगांव मेला महोत्सव के तहत नौगांव में राई कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे कलाकार जित्तू खरे। जित्तू खरे ने कहा कि आज दूर दूर तक अगर नाम है तो इसका श्रेय हमारे भजन सम्राट लोकगीत गायक स्व देशराज पटेरिया जी एवं हमारी जनता को जाता है जय बुंदेलखंड यहां की जनता से नाता है जिसने बड़ा कलाकार बनाया है।

### तहसील परिसर में सामुदायिक भवन का हुआ भूमिपूजन



**राजनगर।** तहसील परिसर में अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण विधायक निधि से किया जाएगा। बुधवार को इस भवन का भूमिपूजन विधायक अरविंद पटेरिया ने विधि-विधान से किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक के साथ राजनगर बार संघ अध्यक्ष आर.के. उपाध्याय, नगरपरिषद राजनगर अध्यक्ष जीतू वर्मा, खजुराहो नगरपरिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी, मंडल अध्यक्ष कमलेश पटेल, नगरपरिषद इंजीनियर अमितेश अवस्थी तथा राजनगर के कई अधिवक्ता उपस्थित रहे। विधायक निधि से भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने पर राजनगर अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने विधायक अरविंद पटेरिया का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने इस वर्ष आल इंडिया बार कौंसिल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले नवीन अधिवक्ताओं का सम्मान भी किया। इनमें भरत सोनी, राहुल सोनी, सोनिया बरार, संजीव पाल, बल्किशोर कुशवाहा, रोहित द्विवेदी, प्रतीक सोनी, पुष्पेंद्र कुशवाहा, रोशनी सिंह, नीरज पटेल आदि शामिल हैं। विधायक ने सभी को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक अरविंद पटेरिया ने कहा कि वे स्वयं अधिवक्ता बनना चाहते थे, लेकिन जनता के सहयोग से विधायक बन गए। उन्होंने अधिवक्ताओं के हित में हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में राजनगर तहसील के कोटवारों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी विधायक को सौंपा, जिस पर विधायक ने शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया।

### उर्जस्विता सम्मान 2026: स्वास्थ्य व कैंसर जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु डॉ. श्वेता गर्ग सम्मानित



**छतरपुर।** अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित उर्जस्विता सम्मान समारोह का आयोजन 7 जनवरी 2026 को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, भोपाल में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही 25 विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, पशुपालन मंत्री लखन पटेल, भोपाल महापौर मालती राय तथा भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे की उपस्थिति रही। अतिथियों ने महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि नारी शक्ति आज समाज निर्माण की मजबूत धुरी बन चुकी है। इसी कार्यक्रम में छतरपुर की डॉ. श्वेता गर्ग को स्वास्थ्य सेवा एवं कैंसर जागरूकता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय और निरंतर योगदान के लिए उर्जस्विता सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। डॉ. श्वेता गर्ग पिछले कई वर्षों से ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में कैंसर की प्रारंभिक जांच, महिला स्वास्थ्य, निवारक चिकित्सा तथा जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

## जल्द हो सकता है तत्कालीन शाखा प्रबंधक अजय असाटी के ऊपर थाने में मामला पंजीबद्ध

# सहकारिता आयुक्त ने अपने पत्र में दो लोगों को दोषी माना, तो वही बैंक महाप्रबंधक ने तीन लोगों को दोषी माना और थाने में मामला दर्ज कराने बिजावर शाखा प्रबंधक को लिखा पत्र

छतरपुर।

जिला सहकारी बैंक मर्यादा छतरपुर शाखा बिजावर अंतर्गत मऊखेरा समिति और गुलगंज समिति में मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना 2023 में हुए भ्रष्टाचार के दोषियों के विरूद्व मामला दर्ज कराने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित संयुक्त आयुक्त सागर, उपआयुक्त सहकारिता छतरपुर को 23 दिसंबर 2025 को पत्र लिखा है।

पत्र में उल्लेख कि 18 दिसम्बर 2025 को लोकायुक्त कार्यालय भोपाल के विषयाकिंन प्रकरण में पेशी के दौरान दोषी कर्मचारी किशन राजपूत तत्कालीन समिति प्रबंधक सेवा सहकारी समिति गुलगंज, शाखा प्रबंध अजय असाटी के विरूद्व अपराधिक दायित्व के संबंध में दोषियों के विरूद्व एफआईआर दर्ज कराने संबंधी जानकारी चाही है। इसीलिए दोषी कर्मचारियों के विरूद्व अपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाए, वहीं इस पत्र के परिपालन में




जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्य पालन अधिकारी ने 5 जनवरी 2026 को शाखा प्रबंधक बिजावर को पत्र लिखकर एफआईआर कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। लेकिन मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी पत्र में गुलगंज के तत्कालीन समिति प्रबंधक रामकिशन लोधी मऊखेरा के तत्कालीन समिति प्रबंधक अरूण पाठक एवं तत्कालीन शाखा प्रबंधक बिजावर अजय असाटी के विरूद्व एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए है, जबकि आयुक्त भोपाल के पत्र में अरूण पाठक का कोई उल्लेख नही किया गया है।

### साढे 8 करोड़ से अधिक की राशि मऊखेरा, गुलगंज समिति द्वारा की गई थी खुर्दबुर्द

मुख्यमंत्री कृषक ब्याजमाफी योजना 2023 अंतर्गत मऊखेरा, गुलगंज सोसायटी में 8 करोड़ 55 लाख 44 हजार 243 रूपए की राशि में से 5 करोड़ 25 लाख 57 हजार 992 रूपए मऊखेरा समिति और 3 करोड़ 29 लाख 8062 रूपए गुलगंज समिति में मुख्यमंत्री ब्याजमाफी योजना के तहत आये थे। लेकिन इस राशि को पात्र किसानों को ना देकर अपात्र किसानों को पात्र दिखाकर ब्याजमाफी की राशि में अनियमितता बरती गई थी। जब किसानो को इस अनियमितता के संबंध में जानकारी लगी, तो गुलगंज समिति के किसानों में से चन्द्रारानी पति कमलेन्द्र सिंह, सुकईया तनय हल्का काछी, दीपक पुत्र रामानुज तिवारी के अलावा कई किसानों ने जिला कलेक्टर व लोकायुक्त में इस घोटाले की शिकायत की थी। कलेक्टर ने इस शिकायत को गंभीरता से लेकर जांच समितियां बनाई जांच के लिए एक पत्र बैंक मुख्यालय और दूसरा पत्र सहकारिता उपायुक्त छतरपुर को भेजा गया था। बैंक मुख्यालय ने कलेक्टर के निर्देश पर जांच समिति बनाई जिसमें संतोष पाण्डेय, चन्द्रशेखर अवस्थी को नियुक्त किया गया, तो वहीं उपायुक्त ने सहकारिता निरीक्षक दिव्या चौबे और बिजावर तहसीलदार अभिनव शर्मा को जांच समिति में रखा। जांच के दौरान बैंक की समिति ने इस घोटाले की जांच कर जांच रिपोर्ट बैंक प्रबंधक को सौंपी, जबकि उपायुक्त सहकारिता द्वारा गठित समिति ने जांच रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी। बैंक द्वारा गठित की गई जांच टीम ने जांच में पाया कि यह राशि पात्र किसानों के खाते में न डालकर अपात्र किसानों के खातों में डाली गई है। जिसमें तत्कालीन शाखा प्रबंधक अजय असाटी, मऊखेरा समिति प्रबंधक अरुण पाठक और गुलगंज समिति प्रबंधक रामकिशुन राजपूत को दोषी पाया गया था। जिसके चलते तत्कालीन बैंक महाप्रबंधक सुरेश रावत ने रामकिशन राजपूत और अरुण पाठक को निलंबित कर दिया था, तत्कालीन शाखा प्रबंधक अजय असाटी को महल रोड शाखा में अटैच कर दिया था, फिर कुछ दिनों के बाद अजय असाटी को निलंबित भी कर दिया गया था।

16 सितंबर 2025 में बैंक स्टाफ उपसमिति कि बैठक में प्रस्तावित दडं में मऊखेरा समिति प्रबंधक और गुलगंज समिति प्रबंधक की सेवा समाप्त कर दी थी और अजय असाटी की दो बेतनबृद्धि संचई प्रभाव से रोक दी गई थी। और 20 सितंबर 2025 को आदेश कर अजय असाटी को बहाल कर सरबई शाखा प्रबंधक का आदेश किया गया था। कुछ दिनों उपरांत अजय असाटी को हरपालपुर और हरपालपुर शाखा में पदस्थ शाखा प्रबंधक विकास मिश्र को सरबई शाखा प्रबंधक बनाया गया था। हालांकि 5 जनवरी 2026 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बिजावर शाखा प्रबंधक को मामला पंजीबद्ध कराने के लिए पत्र लिख दिया है। देखना यह है कि यह मामला थाने में कब तक पंजीबद्ध हो पाता है।

**इनका कहना है -**

आयुक्त सहकारिता भोपाल से पत्र प्राप्त हुआ था, बैंक मुख्यालय ने शाखा प्रबंधक बिजावर को मामला थाने में पंजीबद्ध कराने के लिए पत्र लिखा है।

**करुणेन्द्र प्रताप सिंह**
**बैंक प्रशासक, छतरपुर**

## वृद्ध दंपति ने एसपी से लगाई गुहार

# मारपीट के आरोपियों पर नहीं, पीड़ित बुजुर्ग पर ही दर्ज हुई एफआईआर



**छतरपुर।** जिले के लुगासी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोनी के निवासी 70 वर्षीय वृद्ध हरदयाल कुशवाहा ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित बुजुर्ग का कहना है कि उनके साथ दो बार मारपीट हुई, लेकिन दोनों बार पुलिस ने आरोपियों के बजाय उल्टा उन पर ही एफआईआर दर्ज कर दी। हरदयाल कुशवाहा ने बताया कि पिछले छह माह में तीन युवकों—एक पुरुष और दो महिलाओं—ने मिलकर उन्हें चप्पलों व डंडों से बेरहमी से पीटा। इसके बावजूद लुगासी चौकी पुलिस ने निष्पक्ष जांच के बजाय पीड़ित वृद्ध को ही आरोपी बना दिया। पुलिस की इस कार्यप्रणाली से आहत बुजुर्ग ने कहा कि वे अपनी पत्नी के साथ गांव में अकेले रहते हैं, जबकि उनके पुत्र बाहर मजदूरी करते हैं। न्याय न मिलने और झूठी एफआईआर के कारण वे गांव छोड़कर पलायन करने को मजबूर हो गए हैं तथा भय के साए में जी रहे हैं। पीड़ित ने आगे बताया कि उन्होंने न्याय के लिए दो बार छतरपुर एसपी, नौगांव एसडीओपी, नौगांव थाना और लुगासी चौकी में आवेदन दिए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यह मामला पुलिस की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। आखिर एक 70 वर्षीय बुजुर्ग तीन युवकों से मारपीट कैसे कर सकता है? फिर भी उन पर एफआईआर दर्ज होना पुलिस की उदासीनता और पक्षपात को दर्शाता है।

# वाणिज्य की शोधार्थी वंदना ने पी-एच.डी.उपाधि हेतु ओपन रिसर्च वायवा में दी सटीक एवं प्रभावी प्रस्तुति

छतरपुर।

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय,छतरपुर के कुलगुरु प्रो.राकेश कुशवाह की अध्यक्षता में वाणिज्य अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र की शोधार्थी वंदना ने पी-एच.डी. उपाधि हेतु अंतिम शोध मौखिक (ओपन वायवा-वोसे) परीक्षा में पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से सटीक एवं प्रभावी प्रस्तुति दी। शोधार्थी वंदना ने अपना शोध कार्य कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट इन लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन इन हिसार डिविजन विषय पर अपने शोध निर्देशक प्रो. सुमति प्रकाश जैन के कुशल एवं सतत मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया है।

इस अवसर पर आयोजित ओपन वायवा में बाह्य परीक्षक प्रो. अधिकेश राय (प्राध्यापक,शासकीय पीजी कॉलेज,नरसिंहपुर), वाणिज्य



विभागाध्यक्ष एवं डीन डॉ.बी.के. अग्रवाल,शोध निर्देशक प्रो.सुमति प्रकाश जैन,डॉ.अशोक निगम एवं डा.केबी अहिरवार सहित अनेक प्राध्यापकगण,अतिथि विद्वान, विषय विशेषज्ञ एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के प्रारंभ में विभागाध्यक्ष डा बीके अग्रवाल ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी का शब्द सुमनों से स्वागत करते हुए शोधार्थी वंदना द्वारा परिश्रमपूर्वक किए गए शोध कार्य की सराहना की। इसके पश्चात शोधार्थी वंदना ने बाह्य विषय विशेषज्ञ प्रो.अधिकेश राय एवं स्टूडियो कक्ष में उपस्थित बुद्धिजीवियों के समक्ष अपनी मौखिक परीक्षा को प्रभावी तथा सटीक ढंग से प्रस्तुत किया।

हरियाणा निवासी शोधार्थी श्रीमती वंदना ने अपने शोध अध्ययन के माध्यम से यह प्रमाणित किया है कि भारतीय जीवन बीमा निगम के हिसार डिवीजन में अपनाई गई ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) रणनीतियां ग्राहक संतुष्टि, विश्वास, दीर्घकालीन संबंध तथा बहु-पॉलिसी अपनाने की प्रवृत्ति को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं। अध्ययन से यह भी स्पष्ट हुआ कि प्रभावी संचार प्रणाली, एजेंट-ग्राहक संबंध, आफ्टर-सेल्स सेवाएँ एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग से ग्राहकों की सहभागिता में वृद्धि हुई है,जिससे संगठन की व्यावसायिक स्थिरता एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को सुदृढ़ आधार प्राप्त हुआ है।शोध में यह भी उजागर किया गया है कि ग्राहक संबंध प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन में कुछ संरचनात्मक एवं व्यावहारिक चुनौतियाँ विद्यमान हैं,जिनमें विशेष रूप से ग्रामीण एवं अद्र्ध-शहरी क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता की कमी, तकनीकी संसाधनों की सीमित उपलब्धता तथा व्यक्तिगत परामर्श की अपर्याप्तता प्रमुख है। इन चुनौतियों के समाधान हेतु शोध में लक्षित डिजिटल जागरूकता कार्यक्रमों, क्षेत्र-विशेष एजेंट प्रशिक्षण तथा ग्राहक-केंद्रित सेवा मॉडल को सुदृढ़ करने जैसी महत्वपूर्ण नीतिगत अनुशंसाएँ प्रस्तुत की गई हैं।बाह्य परीक्षक प्रो.अधिकेश राय ने शोध प्रबंध पर चर्चा करते हुए शोधार्थी से अनेक महत्वपूर्ण एवं गहन प्रश्न पूछे,जिनके सटीक उत्तर शोधार्थी वंदना ने दिए।उन्होंने शोध की विषय-वस्तु, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण, परिकल्पनाओं तथा प्रस्तुति को सराहनीय बताते हुए इसे जीवन बीमा क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रासंगिक शोध बताया। कक्ष में उपस्थित प्राध्यापकों तथा शोधार्थियों ने भी शोधार्थी वंदना से अनेक प्रश्न पूछे,जिनका समुचित समाधान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा अशोक निगम ने किया। अंत में शोधार्थी वंदना ने सभी का आभार माना।

शोधार्थी वंदना को सफल शोध प्रस्तुति एवं मौखिक परीक्षा के उपरांत बाह्य विषय विशेषज्ञ प्रो. अधिकेश राय,विभागाध्यक्ष डॉ. बी.के.अग्रवाल,गाइड डा.सुमति प्रकाश जैन,डा.अशोक निगम,डा. केबी अहिरवार सहित उपस्थितजनों से अच्छे शोध कार्य एवं प्रस्तुति हेतु प्रशंसा प्राप्त हुईं।इस शैक्षिक कार्यक्रम के समापन पर शोधार्थी वंदना ने कुलगुरु प्रो राकेश सिंह, बाह्य परीक्षक डा अधिकेश राय,विभागाध्यक्ष डॉ बीके अग्रवाल,शोध निर्देशक डॉ सुमति प्रकाश जैन,डा अशोक निगम, कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल, वित्त अधिकारी विजय तिर्की आदि का पुष्प मालाओं,शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत किया।

## ऑनलाइन मोबाइल बुकिंग में धोखाधड़ी

# ओप्पो ए-7 की जगह मिले जूते और खाली डिब्बे, पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

लवकुशनगर

गौरिहार क्षेत्र के कंदैला गांव निवासी हरपाल नामदेव के साथ ऑनलाइन मोबाइल बुकिंग में बड़ी धोखाधड़ी हुई है। सस्ते दाम पर ओप्पो कंपनी का ए-7 मोबाइल फोन बुक करने वाले हरपाल को पोस्ट ऑफिस से डिलीवरी मिली, लेकिन बॉक्स खोलने पर मोबाइल की जगह दो अलग-अलग तरह के जूते, एक लकड़ी का डिब्बा और एक कागज का खाली डिब्बा निकला। परेशान हरपाल ने 4500 रुपये की ठगी की शिकायत लवकुशनगर थाने में दर्ज कराई।



हरपाल नामदेव लवकुशनगर में पुट्टी-पुताई का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर एक कॉल आया था, जिसमें सस्ते दाम पर ओप्पो ए-7 मोबाइल ऑफर किया गया। कम कीमत (करीब 4499 रुपये) सुनकर उन्होंने मोबाइल बुक कर लिया। कुछ दिनों बाद सरबई पोस्ट ऑफिस में उनका पार्सल आया। डिलीवरी लेते समय उन्होंने 4500 रुपये कैश जमा किए। घर जाकर बॉक्स खोला तो अंदर मोबाइल की जगह दो पुराने जूते और खाली डिब्बे मिले। हरपाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बच्चों के इलाज के लिए पैसे जोड़े थे, लेकिन खुद के पास मोबाइल नहीं होने से यह ऑफर स्वीकार कर लिया। अब मोबाइल न मिलने से वे काफी परेशान हैं और ठगों की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मामला ऑनलाइन और कोरियर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों की ओर इशारा करता है, जहां ठग सस्ते ऑफर का लालच देकर लोगों को ठग रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे अनजान कॉल या ऑफर पर भरोसा करने से पहले सावधानी बरतें।

## पत्रकारों ने उठाई ट्रैफिक पुलिस की मांग

# एसपी ने थाने का किया निरीक्षण, पुलिस लाइन में भवनों की जांची स्थिति

**लवकुशनगर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने लवकुशनगर थाने का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर में मालखाना, बंदी गृह, महिला डेस्क सहित अन्य सभी स्थानों का बारीकी से अवलोकन किया तथा दस्तावेजों की भी जांच की। इसके अलावा थाना परिसर के पीछे खाली पड़ी जमीन का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर वहां भी निरीक्षण किया। थाना निरीक्षण के बाद एसपी अगम जैन पैदल पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्होंने बने भवनों का निरीक्षण कर उनकी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पत्रकारों ने एसपी से नगर में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की मांग की। पत्रकारों ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के अभाव में शहर में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा थाने की पूरी बाउंड्री वॉल बनाने, पुलिस आवास निर्माण तथा नगर के विभिन्न ढाबों व रेस्टोरेंट में लड़के-लड़कियों को कमरे दिए जाने की समस्या पर भी चर्चा हुई। एसपी ने इस संबंध में चल रही कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा कि इस पर विचार किया जा रहा है



और जल्द ही राशि आवंटित करवाई जाएगी। उन्होंने पूरे स्टाफ से वर्तमान स्थिति, पेंडेंसी तथा भविष्य की चुनौतियों व आगे की रूपरेखा पर चर्चा की तथा पूरे थाने का मुआयना किया। इस दौरान एसडीओपी नवीन दुबे, थाना प्रभारी अजय अम्बे सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने पुलिस की सघन पेट्रोलिंग एवं जनसंवाद

**छतरपुर। जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों जैसे चोरी, नकबजनी एवं लूट की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से छतरपुर पुलिस द्वारा निरंतर सघन पेट्रोलिंग और क्षेत्रवासियों के साथ जनसंवाद अभियान चलाया जा रहा है।**



पुलिस की इस पहल के तहत पूर्व में चिह्नित संवेदनशील एवं अपराध प्रवण स्थानों पर विशेष भ्रमण एवं निगरानी की जा रही है। पेट्रोलिंग दल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें संपत्ति की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

नागरिकों को सलाह दी गई कि वे अपने घर, दुकान एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखें, रात के समय अनावश्यक रूप से घर खाली न छोड़ें तथा बाहर जाने की स्थिति में नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें। साथ ही कीमती सामान एवं नकदी को सुरक्षित स्थान पर रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शीत ऋतु में अपराधी मौके की तलाश में सक्रिय रहते हैं, इसलिए सतर्कता बेहद जरूरी है। छतरपुर पुलिस की ओर से आमजन से अपील की गई है कि पुलिस के साथ पूर्ण सहयोग करें तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 7049101021, डायल 112 अथवा नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करें। इसके अलावा पुलिस द्वारा जिले के सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख मार्गों एवं हाईवे पर लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। हाईवे पेट्रोलिंग यूनिट पूरी तरह सक्रिय है तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।

## वंचित पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार का लाभ प्रदान करेः- अंतर सिंह आर्य

# राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग के अध्यक्ष के अध्यक्षता वन प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

**सिंगरौली** 8 जनवरी 2025/ राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग नई दिल्ली के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य के अध्यक्षता में वन प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में वन मण्डल अधिकारी अखिल बंसल के द्वारा अध्यक्ष आर्य सहित आयोग के सदस्यों का स्वागत करते हुयें वन मण्डल की सामान्य जानकारियो से अवगत करा गया। उन्होने बताया कि संयुक्त वन प्रबंधन समितियो के अंतर्गत वन सुरक्षा समिति 67 ग्राम वन समिति 215 गठित की गई है। वही समिति सदस्यो एवं कार्यकारणी की जानकारी देते हुयें अगवत कराया कि ग्राम वन समिति वन सुरक्षा समितियों की सख्या 282 है जिसमें अनुसूचित जाति के महिला 19331 तथा पुरूष 21118 तथा अनुसूचित जन जाति के महिला 40344 पुरूष 44.89 अन्य पिछड़ा वर्ग के महिला 32531 पुरूष 35915 समान्य वर्ग के महिला 7676 पुरूष 9143 सदस्य है। वही वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत प्राप्त दावे एवं निराकरण अद्यतन जानकारी के संबंध में अवगत कराते हुये बताया कि जिला में अनुसुचित जाति के व्यक्तिगत दावे 16219 प्राप्त हुयें जिसमें समितियों द्वारा सत्यापित दावे 16219 तथा ग्राम सभा एवं उपखण्ड स्तरीय समिति द्वारा



भी 16219 संकल्प पारित कियें गये थे। उन्होने बताया कि जिला स्तरीय समिति के द्वारा कुल दावो मे से 7666 दावे निरस्त हुये है एवं 8553 प्रकरणो को स्वीकृती प्रदान की गई है जिसमे 84660 का हक प्रदान कर दिया गया है। एवं 93 दावे पीडीए सर्वे न होने के कारण वितरण हेतु लंबित है जिसकी कार्रवाही जारी है।

जानकारी प्राप्त करने पश्चात आयोग के अध्यक्ष आर्य ने निर्देश दिए कि जो भी स्वीकृती हेतु दावे लंबित रह गये है जिन्हे निरस्त किया गया है उन पर पुनः विचार कर पात्र हितग्राहियो को लाभ प्रदान करे। इसी तरह से वन मण्डल अधिकारी के द्वारा जिला यूनियन सिंगरौली अंतर्गत कुल 75 प्राथमिक वनोपज समितिया तथा 874 तेदूपंत्ता फड़ संचालन की जानकारी से अवगत कराते हुयें बताया कि तेदूपत्ता सग्रहण सीजन वर्ष 2025 अंतर्गत लक्ष्य 173620 था सग्रहण 169497.245 हुआ है जिसकी भुगतान राशि 677988980 का भुगतान किया गया है। वही तेदूपत्ता लाभाश से कराये जाने वाले विकास कार्य वित्तिय वर्ष 2025-26 में 15 कार्य स्वीकृत हुये थे जिसमे व्यय राशि 44.63 लाख की गई कार्य पूर्ण कर लिए गये है। वही बाह स्थली संरक्षण अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2024-25 में 11 कार्य स्वीकृत हुये थे जिसमें 423.86 राशि व्यय की गई है तथा वृक्षारोपण के कार्य पूर्ण करा लिए गए है। तथा वित्तिय वर्ष में 11 कार्य स्वीकृत हुये है जिसमें 125.43 राशि का व्यय हुआ है तथा वृक्षारोपण के समस्त कार्य पूर्ण कर लिए गए है। इसके अलावा भी वन विभाग के द्वारा जो भी अनुसूचित जन जाति से संबंधित विकास के कार्य है उन्हे भी किया जा रहा है। बैठक में आए हुये विभिन्न समितियों के अध्यक्षो एवं सदस्यो से भी आयोग के अध्यक्ष द्वारा जानकारी प्राप्त की गई। जिसमें सड़क विद्युत एवं पेयजल की मांग की गई। जिसके संबंध में अध्यक्ष आर्य के द्वारा आश्वासन दिया गया कि इसे भी पूर्ण किया जायेगा। बैठक के दौरान एसडीओ नरेन्द्र त्रिपाठी सहित वन समितियो के सदस्य गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### समग्र ई- केवाईसी के शेष कार्य को शीघ्र करें पूर्ण

**कटनी।** शासन द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं का प्रत्येक पात्र हितग्राही को निरंतर प्राप्त होता रहे इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा ई केवाईसी कार्य से वंचित शेष नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम कार्यालय सहित जोन कार्यालयों के माध्यम से समग्र पोर्टल पर आधार से समग्र ई-केवाईसी का कार्य कराया जा रहा है। नगर निगम उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा बुधवार प्रातः माधवनगर उप कार्यालय के माध्यम से संचालित कार्य का औचक निरीक्षण किया जाकर समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की जानकारी ली जाकर शेष कार्य को गति प्रदान कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त श्री गुप्ता ने निर्देशित किया कि समग्र पोर्टल पर आधार से समग्र आई.डी की ई-के.वाई.सी नहीं होनें पर नगारिकों को भविष्य में शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

### विशेष अभियान के तहत श्रमिकों के बनाये जायेंगे आयुष्मान कार्ड

**कटनी।** मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना के अंतर्गत कटनी जिले में पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्रदान करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला श्रम पदाधिकारी के बी मिश्रा ने बताया कि मध्य प्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक एवं उनके परिवार के सदस्य अपनी समग्र आईडी, मजदूरी श्रम कार्ड, आधार कार्ड के साथ में उपस्थित होकर जिला अस्पताल कटनी, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ एवं बरही, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रीठी, बहोरीबंद, पान उमरिया, पहाडी एवं बडवारा, ग्रामीण क्षेत्रों में उपस्वास्थ्य केन्द्रों के अंतर्गत कम्युनिटि हेल्थ आफीसर (सीएचओ) एवं ग्राम रोजगार सहायक, प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत कार्यरत आशा कार्यकर्ता के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। जिला श्रम पदाधिकारी श्री मिश्रा ने इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की है।

### युवा दिवस पर होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

**कटनी।** जिले में में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्वामी विवेकानंद के विचारों पर केंद्रित प्रेरणादायी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने सामूहिक सूर्य-नमस्कार एवं इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिले की समस्त शिक्षण संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रातः 10:30 बजे तक एक साथ सामूहिक सूर्य-नमस्कार कराया जाएगा। यह आयोजन एक संकेत पर एक साथ संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का रेडियो के माध्यम से प्रसारण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित की जायेगी। 12 जनवरी को आयोजित सामूहिक सूर्य-नमस्कार कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व की जानकारी भी दी जाएगी।

# पीएम आवास आवंटन में भ्रष्टाचार, गरीबों के आशियाने बने अवैध धंधों का अड्डा, हाल में ही 1386 आवासों का हुआ था सर्वे

**738 ही मिले थे पात्र, नगर निगम की कार्रवाई हुई हवा में, अभी भी जारी किरयेदारी और अवैध गतिविधियां**



**रीवा।** शहर में गरीबों को सम्मानजनक आवास देने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) रीवा में अपने मूल उद्देश्य से भटक चुकी है, हाल में ही नगर निगम द्वारा कराए गए सत्यापन, जारी किए गए कारण बताओ नोटिस और कार्रवाई के दावों के बावजूद प्रधानमंत्री आवास कॉलोनियों में आज भी अवैध किरायेदारी, आपराधिक गतिविधियां और नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बता दे नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर एएचपी घटक अंतर्गत शहर के गोल क्वार्टर, कृष्णा नगर, ललपा, एसएएफ मैदान और सुंदर नगर में बने प्रधानमंत्री आवासों का व्यापक सत्यापन कराया गया था। इस सर्वे में कुल 1386 आवासों की जांच की गई, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आएकेवल 738 हितग्राही स्वयं आवासों में निवासरत पाए गए वही 366 आवासों में ताले लटके मिले एवं 197 आवास किराए पर संचालित पाए गए 85 आवासों में अन्य अनियमितताएं (दुकान संचालन, संरचना में बदलाव, रिश्तेदारों को देना) पाई गईंनियम विरुद्ध पाए गए सभी हितग्राहियों को नगर निगम द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाने का दावा किया गया था।सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब नगर निगम नोटिस जारी कर चुका था और कार्रवाई का दावा किया गया था, लेकिन तो आज भी पीएम आवास कॉलोनियों में अवैध गतिविधियां फल-फूल रही है, आवास में निवास कर रहे लोगों ने बताया कि निगम की पूरी कार्रवाई कागजों तक सीमित रही और अधिकारियों को फर्जी या अधूरी रिपोर्ट दिखाकर गुमराह किया गया। सबसे बड़ा सवाल ये है कि नोटिस के बाद भी किरायेदारी क्यों जारी है, जिन आवासों पर कार्रवाई हुई, वहां फिर से अनियमितता कैसे क्या कार्रवाई केवल फाइलों में सीमित रही। एसएएफ पीएम आवास कॉलोनी में हालात बेकाबूताजा मामला एस.ए.एफ. प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी, बिल्डिंग नंबर-12 से सामने आया है, जहां कई मकान मालिक प्रधानमंत्री आवास लेने के बाद खुलेआम मकान किराए पर चला रहे हैं। जिसकी शिकायत कुछ मकान मालिको ने नगर निगम में की है नागरिकों का कहना है किकिरायेदारों द्वारा अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की जाती हैआए दिन लड़ाई-झगड़े और विवाद होते हैंपूरे भवन में डर और असुरक्षा का माहौल बन चुका है,बिल्डिंग के निवासियों ने मकान नंबर 155 सहित अन्य किराए पर दिए गए आवासों की जांच और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए नगर निगम आयुक्त और महापौर को लिखित शिकायत की है पहले भी हुई थी शिकायत लेकिन नहीं हुई कार्यवाही रहवासियों का आरोप है कि इससे पहले भी निगम को शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह आशंका और गहरी होती जा रही है कि कुछ जिम्मेदार कर्मचारी किराए पर मकान चलाने वाले हितग्राहियों से लाभ लेकर आंखें मूंदे हुए हैं।गरीबों के घर, मुनाफे का जरिया बनेप्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले मकानों को किराए पर देकर खुलेआम पैसा कमाया जा रहा है, जबकि वास्तविक जरूरतमंद आज भी आवास के इंतजार में हैं। इतना ही नहीं, कई कॉलोनियों में ये आवास अवैध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बनते जा रहे हैं, जिससे वहां रहने वाले वास्तविक हितग्राही लगातार भय और तनाव में जी रहे हैं। कागजी कार्रवाई नहीं, ठोस कदम जरूरीप्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए छत का सपना है, न कि अवैध कमाई और अपराध का माध्यम। यदि समय रहते सख्त, पारदर्शी और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो यह योजना अपने उद्देश्य से भटककर भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का स्थायी उदाहरण बन जाएगी।



## कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं में विभाग निचले पायदान पर न रहे - कलेक्टर

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि सभी अधिकारी कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें तथा कोई भी विभाग नीचे पायदान में न रहे। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है। विभागीय रैंकिंग में आवश्यक सुधार करें तथा जो विभाग नीचे रहेंगे उनकी जिम्मेदारी तय की जायेगी।

कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज बटवारा, सीमांकन और नामांतरण के प्रकरणों का नियमित सुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश दिये। फार्मर रजिस्ट्री के शेष प्रकरणों का ऑनलाइन पंजीयन कराकर किसानों की जमीन की मैपिंग करायें। पराली प्रबंधन में की गई कार्यवाही से अवगत करायें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कम पोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के संबंध में प्रयासों को गति दें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गर्भवती महिलाओं के समय पर पंजीयन, गंभीर एनीमित महिलाओं के स्वास्थ्य प्रबंधन व 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में तत्परता से कार्यवाही करें। उन्होंने डेथ ऑडिट के शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्मार्ट कक्षाओं के संचालन के संबंध में कार्यवाही करने तथा नल जल योजनाओं से घरों में कनेक्शन देने व धरती आबा योजना के तहत हितग्राहियों को लाभांवित करने के संबंध में बैठक में निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने कैंसर यूनिट तथा अन्य निर्माण कार्यों का लिया जायजा



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संजय गांधी चिकित्सालय परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कैंसर यूनिट का निरीक्षण करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर यूनिट का शेष निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं। कैंसर यूनिट का शुभारंभ होते ही रीवा में गंभीर कैंसर रोगियों को उपचार की सुविधा मिलने लगेगी।

जिन रोगियों को कैंसर के उपचार के लिए अभी महानगरों की ओर जाना पड़ता है उन्हें रीवा में ही उपचार की सुविधा मिलेगी। कैंसर यूनिट के लिए आधुनिकतम लीनेक मशीन तथा अन्य चिकित्सा उपकरण खरीदे जा रहे हैं। भवन का निर्माण कार्य पूरा होते ही आधुनिकतम चिकित्सा उपकरण स्थापित कर दिए जाएंगे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री सुपर स्पेशलिटी हास्टिपल के विस्तार के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने इंजीनियरों तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल जटिल रोगों के उपचार का केन्द्र बन गया है। इसके विस्तार से बड़ी संख्या में रोगियों को उपचार की सुविधा मिलेगी। संजय गांधी हास्पिटल के विस्तार का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। रीवा को मेडिकल हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। निरीक्षण के समय मेडिकल कालेज के डीन डॉ सुनील अग्रवाल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यत्नेश त्रिपाठी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल से मचा हड़कंप
### कोर्ट परिसर खाली, बम स्क्वॉड-डॉग स्क्वॉड रही तैनात, साइबर जांच शुरू

**रीवा।** शहर मे गुरुवार को नवीन जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से पूरे शहर में हड़कंप मच गया। यह धमकी ई-मेल के जरिए भेजी गई थी, जिसके बाद एहतियातन पूरे न्यायालय परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया। कुछ ही देर में न्यायालय परिसर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस बल के साथ-साथ बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को मौके पर तैनात किया गया। जानकारी मिलते ही न्यायालय परिसर और आसपास के क्षेत्र को सील कर दिया गया। मेटल डिटेक्टर और आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की मदद से परिसर के चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी ली गई। सुरक्षा एजेंसियां किसी भी संदिग्ध वस्तु को लेकर पूरी तरह सतर्क रहीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 9 बजे हाईकोर्ट को एक धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ था, जिसमें रीवा के नवीन न्यायालय परिसर को दोपहर 2:30 बजे तक बम से उड़ाने की बात कही गई थी। हाईकोर्ट द्वारा इस ई-मेल को रीवा जिला न्यायाधीश के माध्यम से पुलिस को फॉरवर्ड किया गया। धमकी की गंभीरता को देखते हुए जिला न्यायाधीश की अनुमति लेकर पूरे नवीन कोर्ट परिसर को तुरंत खाली कराया



गया। न्यायालय में मौजूद न्यायाधीश, अधिवक्ता, कर्मचारी और फरियादियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। धमकी मिलने के बाद मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने पूरे न्यायालय परिसर में गहन तलाशी अभियान चलाया। कई घंटों तक चली जांच में अब तक किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। हालांकि एहतियातन न्यायालय परिसर को पूरी तरह खाली रखा गया और स्थिति पर लगातार नजर रखी गई। हालांकि तलाशी के दौरान कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरत रही हैं। हालात पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही न्यायालय परिसर में सामान्य गतिविधियां बहाल की जाएंगी।ई-मेल साउथ' से भेजे जाने की आशंका, साइबर टीम जांच में जुटीप्रारंभिक जांच में सामने आया है कि धमकी भरा ई-मेल संभवतः देश के दक्षिणी हिस्से (साउथ) से भेजा गया है। मामले की तह तक जाने के लिए साइबर एक्सपर्ट की टीम को लगाया गया है। ई-मेल भेजने वाले की पहचान, लोकेशन और उद्देश्य का पता लगाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पूरे मामले पर रीवा एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया ई-मेल के माध्यम से जिला न्यायाधीश को एक धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ था, जिसे बाद में पुलिस को फॉरवर्ड किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल, बीडीडीएस बम स्क्वॉड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को मौके पर भेजा गया। पूरे कोर्ट परिसर को खाली कराकर हर स्थान की गहन जांच की गई। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। फिलहाल कोर्ट परिसर पूरी तरह सुरक्षित है। ईमेल साउथ से संबंधित है और इसकी एक कॉपी रीवा पुलिस को भेजी गई है। साइबर सेल की टीम मामले की गहन जांच कर रही है।

# बेटे की शादी से पहले पहुंचे चोर, पार कर दिए लाखों के जेवरात, शहर के कोतवाली क्षेत्र के लखौरीबाग की घटना

**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लखौरीबाग में बेटे की शादी से पहले अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। गुरुवार की तड़के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने अलमारी में रखे लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार लखौरीबाग निवासी



लल्लू प्रसाद साहू पेपर वितरण का कार्य करते हैं।

वे रोजाना की तरह गुरुवार तड़के करीब साढ़े चार बजे घर में ताला लगाकर काम पर निकल गए थे। सुबह करीब सात बजे उन्हें पड़ोसियों के माध्यम से घर में चोरी होने की सूचना मिली। जब वे वापस लौटे तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था और अलमारी में रखे जेवरात गायब थे। पीड़ित लल्लू प्रसाद साहू ने बताया कि उनके पुत्र की शादी शीघ्र होने वाली थी, जिसके लिए उन्होंने सोने-चांदी के जेवरात बनवाकर घर में सुरक्षित रखे थे। अज्ञात चोर इन कीमती जेवरातों को चोरी कर फरार हो गए। चोरी गए जेवरातों की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और संदिग्धों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों का पता लगाकर चोरी गए सामान की बरामदगी का प्रयास किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा और सीधी

**रीवा ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 जनवरी को रीवा और सीधी आएंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12.30 बजे भोपाल से हवाई जहाज से प्रस्थान कर दोपहर 1.20 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर से दोपहर 1.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे हेलीपैड बहरी पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री बहरी में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर 714 निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4 बजे बहरी से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर शाम 4.30 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा एयरपोर्ट से हवाई जहाज से शाम 4.40 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### धान के अवैध भण्डारण पर तीन के विरूद्ध दर्ज हुई एफआईआर

**रीवा ।** समर्थन मूल्य पर धान के उपार्जन की लगातार निगरानी की जा रही है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने त्योंथर तहसील में खरीदी केन्द्र सहकारी समिति अमाव दो बड़ागांव में 543 बोरी अवैध धान भण्डारण पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। धान का अवैध रूप से भण्डारण करने वाले समिति प्रबंधक राजेन्द्र शर्मा, खरीदी केन्द्र प्रभारी धीरेन्द्र कुमार मिश्रा उर्फ धीरज तथा धान का अवैध रूप से भण्डारण करने वाले प्रमोद तिवारी के विरूद्ध थाना सोहागी में एफआईआर दर्ज की गई है। एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी द्वारा 30 दिसम्बर को सेवा सहकारी समिति अमाव दो बड़ागांव का निरीक्षण करने पर 543 बोरी धान का अवैध भण्डारण पाया गया। समिति प्रबंधक और खरीदी केन्द्र प्रभारी धान के संबंध में संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। धान उपार्जन में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही जा रही है।

## शहर में समान थाने के सामने खड़ी ऑटो में मिली चालक की अर्धनग्न लाश परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

रीवा।

शहर के समान थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब थाना परिसर के ठीक सामने खड़ी एक ऑटो में ऑटो चालक की अर्धनग्न अवस्था में लाश मिली। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान पाए गए हैं, वहीं ऑटो से बैट्री और मृतक की जेब में रखा मोबाइल फोन भी गायब बताया जा रहा है। इन हालातों को देखते हुए परिजनों ने मामले में सीधे तौर पर हत्या की आशंका जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान शारदापुरम स्थित पोखरी टोला निवासी सोनू सोधिया के रूप में हुई है। सोनू पेशे से ऑटो चालक था और रोज की तरह बुधवार रात ऑटो चलाने के लिए घर से निकला था। गुरुवार सुबह उसकी लाश उसी के ऑटो में मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि सोनू का शव ऑटो के अंदर अर्धनग्न हालत में मिला। उसके शरीर से कपड़े उतरे हुए थे और सिर, पीठ सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान दिखाई दे रहे थे। परिजनों का कहना है कि मृतक की जेब में रखा मोबाइल फोन भी मौके से गायब है, साथ ही ऑटो की बैट्री भी नहीं मिली है। इन परिस्थितियों को संदिग्ध बताते हुए परिजनों ने इसे हत्या का मामला करार दिया है। सूचना मिलते ही समान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल पर फॉरेंसिक जांच भी कराई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### अब तक जिले में 3 लाख 82 हजार टन धान की हुई खरीदअब तक किसानों को 557.06 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान

**रीवा ।** जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में 8 जनवरी तक 60805 किसानों से 3 लाख 82 हजार 882 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि अब तक 66395 किसानों ने उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं।

कुल खरीदे गए धान में से 2 लाख 98 हजार 208 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। कुल खरीदी में से 3 लाख 69 हजार 515 टन धान परिवहन के लिए तैयार है। अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 95 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 87 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं। किसानों को 907 करोड़ 5 लाख का भुगतान मंजूर किया गया है तथा 557 करोड़ 6 लाख रुपए का किसानों के बैंक खाते में भुगतान किया जा चुका है। धान का उपार्जन 20 जनवरी तक किया जाएगा। इसके लिए किसान 13 जनवरी तक स्लॉट बुक कर सकते हैं।

## किसानों को ई टोकन से बंटेगी खाद

रीवा ।

किसानों को खाद वितरण में होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए ई टोकन के माध्यम से खाद वितरण की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में संभागीय प्रभारी विपणन संघ नेहा पीयूष तिवारी ने बताया कि रीवा संभाग के सभी जिलों में 9 जनवरी से ई टोकन के माध्यम से खाद का वितरण किया जाएगा। खाद प्राप्त करने के इच्छुक किसान ई टोकन प्राप्त करने के लिए ई टोकन पोर्टल पर पंजीयन करा लें। किसानों द्वारा दर्ज किए गए जमीन के रकबे के अनुसार निर्धारित मात्रा में खाद दी जाएगी। जारी होने के तीन दिन तक ई टोकन वैध रहेगा पोर्टल में खाद बिक्री केन्द्रों में उपलब्ध खाद की मात्रा दिखाई जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को ई टोकन जारी किए जाएंगे। इसमें प्रत्येक किसान की जमीन का विवरण दर्ज है। सहकारी समितियों के सदस्य किसान सहकारी समितियों से तथा गैर खाताधारक किसान नजदीकी निजी विक्रेताओं से खाद ले सकेंगे। प्रत्येक डबल लॉक सेंटर से प्रतिदिन तीन सौ टोकन जारी किए जाएंगे। टोकन प्राप्त करने के बाद किसान अपनी सुविधा से अगले तीन दिन खाद की खरीद कर सकते हैं। ई टोकन व्यवस्था लागू हो जाने से अब खरीदी केन्द्रों में टोकन के लिए लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। किसान अपने मोबाइल अथवा कॉमन सर्विस सेंटर से ई टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

**हनुमना सिविल न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी**

## ई-मेल मिलते ही पुलिस महकमे में मचा हड़कंप; कलेक्टर और एसपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे!

**मऊगंज:** प्रदेश के कई प्रमुख न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी एक अज्ञात ई-मेल के जरिए मिली है। इस धमकी भरे मेल में जिले का हनुमना सिविल न्यायालय भी शामिल है, जिससे पूरे प्रशासनिक और न्यायिक अमले में हड़कंप मच गया है। जैसे ही इस धमकी की सूचना मिली, प्रशासन ने बिना देरी किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम शुरू कर दिए। कलेक्टर संजय कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी स्वयं भारी पुलिस बल के साथ हनुमना न्यायालय परिसर पहुंचे। एहतियात के तौर पर न्यायालय परिसर को तुरंत खाली करा लिया गया है और सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया है। हनुमना कोर्ट परिसर को पुलिस ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड की मदद से चप्पे-चप्पे की तलाशी ली जा रही है। ई-मेल किसने भेजा और इसका स्रोत क्या है, इसकी जांच साइबर सेल द्वारा की जा रही है। सुरक्षा कारणों से कोर्ट के कामकाज को रोक दिया गया है और आसपास के इलाकों में भी चौकसी बढ़ा दी गई है।सूत्रों के अनुसार, केवल हनुमना ही नहीं बल्कि प्रदेश के कई अन्य जिलों के न्यायालयों को भी इसी तरह की धमकी मिली है। जिसके बाद प्रदेश स्तर पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक स्वयं पल-पल की निगरानी कर रहे हैं और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

